प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राज्य में सातवें चरण के तहत पहली जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में, कड़ी सुरक्षा के साथ मतदाताओं के लिए कई सुविधाओं का रहेगा इंतजाम।

2- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कांग्रेस के नेताओं पर गलत बयानबाजी के लगाए आरोप, कल्पना सोरेन ने कहा –इंडी गठबंधन की सरकार भाजपा के षड्यंत्र को करे देगी ध्वस्त।

3- मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राजकोट में कल भीषण दुर्घटना में कई बच्चों समेत 30 लोगों की मौत पर जताया गहरा दुःख, दिल्ली के एक अस्पताल में लगी आग में छह बच्चों की मौत पर भी जताई संवेदना।

4- जापान के कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की सिमरन शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक, छह स्वर्ण सहित 17 पदकों के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है देश।

*************************

राज्य में सातवें चरण के तहत पहली जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ मतदाताओं के लिए कई सुविधाओं का इंतजाम किया जा रहा है। इसके तहत दुमका संसदीय क्षेत्र के जामताड़ा जिले में अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने कल न्यू पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित सुविधा केंद्र, सामग्री कोषांग और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने जिले में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने को लेकर अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इधर, राजमहल सीट के लिए इस बार कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में साहिबगंज और पाकुड़ जिले भी शामिल हैं। हमारे साहेबगंज संवाददाता ने बताया है कि मतदान में रुचि बढ़ाने के लिए विभिन्न मतदान केंद्र पर डॉल्फिन बूथ, सोहराय पेंटिंग और फॉसिल्स पार्क जैसे लोक आकर्षण वाले पेंटिग्स से बूथों को सजाया गया है।

*************************

राज्य में छठे चरण के तहत कल रांची समेत चार सीटों पर 63 दशमलव 76 प्रतिशत मतदान हुए। धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह और रांची लोकसभा सीटों के लिए आठ हजार नौ सौ तिरेसठ मतदान केंद्र बनाए गए थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, शहर से ज्यादा ग्रामीण इलाकों में वोटिंग हुई। इस चरण के मतदान में 93 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि राज्य में छठे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदानकर्मियों ने ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत को लगातार अपडेट किया जा रहा है। श्री कुमार ने संभावना जताई कि पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों के आधार पर आज मतदान के प्रतिशत में और वृद्धि हो सकती है।

*************************

चतरा लोकसभा सीट पर चुनाव संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन अब मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। चतरा कॉलेज परिसर में चार जून को होनेवाली वोटों की गिनती के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने मतगणना में शामिल होने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण जल्द पूरा करने का आदेश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि चतरा लोक सभा में आने वाले सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए 18–18 काउंटिंग टेबल बनाए जा रहे हैं।

*************************

देवघर जिले के दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता पोस्टल बैलेट के जरिए आज और कल मतदान करेंगे। जिले के उपायुक्त सह निर्वाची पदाधिकारी विशाल सागर ने आज कुल 26 टीमों को मतपत्र एकत्रित करने के लिए रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि पोस्टल बैलेट के लिए निबंधित 151 मतदाताओं से वोट

दिलवाकर पोस्टल जमा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है।

*************************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की सभी 14 सीटों पर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। मतदान का प्रतिशत कम होने के बाद भी पार्टी जीत के प्रति आश्वस्त है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और दस साल की सरकार के काम के आधार पर जनता मतदान कर रही है। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य की सभी सीटों पर भाजपा की स्थिति बेहद ख़राब होने का दावा किया है।

*************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कांग्रेस के नेताओं पर भाजपा के बारे में गलत बयानबाजी करने के आरोप लगाए हैं। गोड्डा में एक संवाददाता सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए श्री वाजपेयी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने देश में इमरजेंसी लगायी और लोगों के मूलभूत अधिकारों का हनन किया, वही पार्टी आज कह रही है कि भाजपा देश में संविधान को खत्म कर देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी कभी भी आरक्षण का विरोध नहीं करती है। इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा है कि इस बार दिल्ली में बनने वाली इंडी गठबंधन की सरकार भाजपा के षड्यंत्र को ध्वस्त कर देगी। कल देर शाम बरहेट स्थित पतना में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान श्रीमती सोरेन ने कहा कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बाहर निकालने की चाबी जनता के पास है।

*************************

पलामू जिले के पचास किसान इस वर्ष खरीफ सीजन में सोयाबीन की खेती करेंगे।

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
<u>वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।</u>

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*************************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुजरात के राजकोट स्थित गेम जोन में कल हुए भीषण हादसे में कई बच्चों समेत 30 लोगों की मौत पर गहरा दुःख जताया है। सोशल मीडिया पर श्री सोरेन ने लिखा है कि हादसे की इस खबर से मन व्यथित है। मुख्यमंत्री ने सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं जताई हैं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

*************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली के एक अस्पताल में लगी आग में छह बच्चों की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि अस्पताल में हुए अग्निकांड में बच्चों की मृत्यु दिल दहला देने वाली घटना है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वे अस्पताल में नवजात बच्चों की मृत्यु पर बेहद व्यथित हैं। उन्होंने दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

*************************

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर तूफान रेमल पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप से लगभग 270 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग का कहना है कि तूफान तेज हवाओं के साथ उत्तर की ओर बढ़ेगा। 110 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ रेमल आज आधी रात तक बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तटों को पार करेगा। इस तूफ़ान के कारण राजधानी रांची समेत संताल और कोल्हान के अधिकतर हिस्सों में कल और परसों बारिश हो सकती है। इस दौरान साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चल सकती हैं।

*************************

सिमडेगा जिले में हॉकी झारखंड और जिला प्रशासन के सहयोग से मिनी सब जूनियर बालक और बालिका ग्रास रूट डेवलपेंट हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कल खेले गए फाइनल मैच में बालिका वर्ग में डे बोर्डिंग हॉकी सेंटर करगागुड़ी की टीम दो शून्य से विजेता बनी। वहीं, बालक वर्ग में आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी ने गोंडवाना क्लब को एक शून्य से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया।

*************************

सिमरन शर्मा ने जापान के कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छह स्वर्ण सहित कुल 17 पदक जीते हैं और अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

*************************

तीरंदाजी में अदिति स्वामी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर ने कल कोरिया गणराज्य के येचिओन में तीरंदाजी विश्‍व कप 2024 चरण–दो में स्वर्ण पदक जीता। तीन बार की ओलंपियन और झारखंड की दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत रिकर्व सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की लिम सिहयोन के खिलाफ उतरेंगी।

*********समाप्त***************